## सीलमपुर पुलिस ने 24 घंटों में सुलझाया हत्या का केस

# 16 वर्षीय किशोर की हत्या में तीन नाबालिगों समेत पांच किए अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर में 16 वर्षीय किशोर की पार्क में हत्या के आरोपी तीन नाबालिगों समेत कुल पांच आरोपियों को पकड़ लिया गया है। इनकी निशानदेही पर हत्या में पर्युक्त पत्थर, ईंट के टुकडे व शेविंग ब्लेड बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार 16 मई को लगभग रात्रि 11:30 बजे क्षेत्र में गश्त के दौरान कांस्टेबल विपिन सेंट्रल पार्क के अंदर जांच के लिए पहुंचे थे, जहां एक व्यक्ति पार्क की बेंच और रास्ते के बीच खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपस्थित डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान रेहान उर्फ सीलमपुरिया उम्र 16 वर्ष 6 माह पुत्र निसार, निवासी घोंडा चौक, मौजपुर के रूप में हुई। क्राइम और एफएसएल की टीमों ने भी मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। त्वरित कार्यवाही करते हुए कुछ ही घंटों में तीन नाबालिग सहित पांच संदिग्ध आरोपियों को पकड़ लिया गया। पकडे गए आरोपियों से गई पूछताछ में उन्होंने बताया कि ये सभी एक ही ग्रुप में अपराध करते थे मगर कुछ दिनों से मृतक ने दूसरे ग्रुप में जाना शुरू कर दिया था, जिसके कारण उनमे आपसी मतभेद चल रहा था। इसी पर बात करने के लिए ग्रुप के पकड़े गए सदस्यों ने मृतक को पार्क में बुलाया था। लेकिन वो इनकी बात नहीं माना। आरोपियों ने गुस्से में वहीं पड़े पत्थर, ईंट के टुकडे व शेविंग ब्लेड से रेहान की हत्या कर दी थी। दो बालिग आरोपियों के नाम फैज उर्फ अल्ली और राहिल उर्फ साहिल है। फैज सीलमपुर थाने का बीसी है और पहले भी कई मामलों में शामिल रहा है।



### दुकानदार की हत्या का आरोपी छह महीने बाद हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में एक दुकानदार की हत्या के मामले में छह महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रवेश कुमार उर्फ ढिल्लू को नजफगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया। इस पर सोनीपत जिले के मंडोरा गांव के मूल निवासी सुमित की हत्या का आरोप था। इस हत्या को इसलिये अंजाम दिया था क्योंकि सुमित आरोपी कुमार की बहन को परेशान करता था। पुलिस के अनुसार सुमित की नरेला इलाके में खाद-बीज की दुकान थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने चचेरे भाइयों दीपांशु और राहुल हुड्डा के साथ हत्या में शामिल होने की बात कबूली है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि तीनों ने बहन को परेशान करने पर सुमित की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम तक पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला कुख्यात अपराधी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ, एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड और मधु विहार थाने की पुलिस ने जबरन वसूली के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। पकड़े गये आरोपी शख्स ने एक बुजुर्ग दुकानदार को धमकाकर 50 लाख रुपये की डिमांड की थी। आरोपी शख्स का नाम करतार भाटी बताया गया है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार 17 मई को आईपी एक्सटेंशन निवासी रामकुमार (58) ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी वेस्ट विनोद नगर में सिंगला इलेक्ट्रिकल्स के नाम से दुकान हैं। 11 मई को लगभग 6:50 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान में घुस आये। उस समय वह अपने दो बेटों के साथ मौजूद थे। उनमें से एक व्यक्ति ने खुद को करतार भाटी के रूप में पेश किया और दावा किया कि वह भूरे नामक व्यक्ति की हत्या का आरोपी है। उसने शिकायतकर्ता के घर और दुकान के पते वाली एक पॉकेट डायरी दिखाई और उसे धमकाते हुए कहा कि वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ है और उसने 50 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी ना होने पर भूरे जैसा हश्र करने की धमकी भी दी गई। 16 मई को शिकायतकर्ता को उसी करतार सिंह नामक व्यक्ति से व्हाट्सएप कॉल भी आया था। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया और एक संयुक्त टीम का गठन किया। टीम ने दो आरोपियों की पहचान की। मुख्य आरोपी की पहचान करतार भाटी निवासी गांव जमालपुर, थाना कसाना, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश और दूसरे आरोपी की पहचान नादिर उर्फ शाह आलम के रूप में हुई। पुलिस ने करतार भाटी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। आरोपी करतार भाटी एक आदतन अपराधी है, जो पहले आर्म्स एक्ट, डकैती, स्नैचिंग और हत्या सहित सात आपराधिक मामलों में शामिल था। वह सितंबर 2024 में जेल से रिहा हुआ था।



# कोचिंग सेंटर में लगी आग, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के राजेंद्र नगर में एक इमारत की चौथी और पांचवीं मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर में रविवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा की आठ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

दमकल अधिकारियों ने बताया कि घटना से छात्रों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। आग सुबह 11.08 बजे ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार रोड पर स्थित कोचिंग सेंटर में लगी थी। दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दोपहर 12:20 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिला है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी। हालांकि पुलिस आग लगने की विस्तृत जांच कर रही है।



### पश्चिम विहार के होटल में लगी आग

पश्चिम विहार स्थित एक होटल में रविवार दोपहर आग लग गई। आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर करीब 1.15 बजे पश्चिम विहार पूर्व मेट्रो स्टेशन के पास स्थित होटल सवेरा इन की तीसरी मंजिल के एक कमरे और एक हॉल में आग लगी थी। होटल की इमारत में एक बेसमेंट, भूतल और तीन ऊपरी मंजिलें हैं। गर्ग ने बताया कि दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और 1 बजकर 50 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया था। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# संगीत बजाने को लेकर युवक की हत्या, चार नाबालिग दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली में एक कार्यक्रम में संगीत बजाने को लेकर हुए विवाद के दौरान एक युवक की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम भीमसेन (18) बताया गया है। महेंद्र पार्क पुलिस ने कार्रवाई करते हुये चार नाबालिग पकड़े हैं। हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू अभी बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को भदोला गांव में हुए हमले में भीम सेन घायल हो गया था। उसे दोस्त ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक कार्यक्रम में संगीत बजाने को लेकर सेन का कुछ लड़कों के साथ मामूली झगड़ा हुआ था और अगले दिन, कथित तौर पर बदला लेने के लिए समूह ने उस पर चाकू से हमला किया गया। उस पर चाकू से दो वार किए गए थे और तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। महेंद्र पार्क थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपराध टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने भी घटनास्थल का दौरा किया और साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# अशोका विवि के प्रोफेसर की गिरफ्तारी की निंदा करते हैं, तुरंत किया जाए रिहा : जेएनयूटीए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कथित तौर पर सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने के मामले में अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी की निंदा की और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। आरोप है कि महमूदाबाद ने संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये देश की संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाला। महमूदाबाद को रविवार को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कुछ दिन पहले ही हरियाणा राज्य महिला आयोग ने उनकी टिप्पणियों को लेकर उन्हें नोटिस भेजा था। हालांकि, महमूदाबाद ने कहा था कि उनकी टिप्पणियों को गलत समझा गया है और उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग किया है। जेएनयू शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) ने एक बयान में कहा कि जेएनयूटीए हरियाणा पुलिस द्वारा डॉ. महमूदाबाद की पूरी तरह से अनुचित गिरफ्तारी पर अपना आक्रोश व्यक्त करता है। यह गिरफ्तारी, कथित तौर पर सत्तारूढ़ पार्टी के एक नेता की शिकायत के आधार पर की गई है, और यह हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा प्रोफेसर महमूदाबाद द्वारा दिए गए कुछ बयानों पर स्वतः संज्ञान लेने के अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्रवाई करने के तुरंत बाद की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त (राय) अजीत सिंह ने फोन पर बताया कि अशोका विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित टिप्पणियों के सिलसिले में की गई है। जेएनयूटीए ने प्रोफेसर के खिलाफ आरोपों को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि जेएनयूटीए प्रोफेसर खान की तत्काल रिहाई और उनके खिलाफ झूठे मामलों को वापस लेने की मांग करता है। यह भी उम्मीद व्यक्त करता है कि न्यायिक प्रक्रिया काम करेगी और यह सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम करेगी कि उनके वैध अधिकारों की रक्षा की जाए और कानून का दुरुपयोग करने के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए।



# दिल्ली में स्वच्छता कर्मियों की संख्या तुरंत बढ़ाई जाए : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछले एक दशक से दिल्ली की जनसंख्या में कई गुणा बढ़ चुकी है लेकिन उस हिसाब से सफाई कर्मियों की संख्या में कोई भी इजाफा नहीं किया गया है। इससे वर्तमान सफाई कर्मियों पर कार्य का बोझ तो बढ़ ही गया है साथ ही उचित सफाई व्यवस्था न होने के कारण उन्हें हर सरकार के कोप का भाजन भी बनना पड़ता है। दिल्ली के सफाई कर्मियों की यूनियन राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद दिल्ली के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम प्रशासन से सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। इस संदर्भ में यूनियन की ओर से दिल्ली नगर निगम महापौर, निगम आयुक्त, दिल्ली की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल को पत्र भी लिखा गया है। वहीं, एमसीडी स्वच्छता कर्मचारी यूनियन में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन वैद ने सफाई कर्मियों के लिए मांग की है कि सफाई कर्मियों के लिए मानसून में रेन कोट होना चाहिए। वार्डो में जेसीबी की कमी है और सफाई कर्मियों के लिए रोड पर ही शेल्टर रूम बनना चाहिए। सफाई कर्मियों को खाना खाने की जगह देनी चाहिए। समय से सफाई में प्रयोग होने वाले सामान यंत्र आदि मिले और कर्मियों का 2019 से रुकी हुई राशि जारी की जाए। जिसमें ट्यूशन फ़ीस, ऐरियर, मेडिकल बिल, एमएसीपी का रोका हुआ पैसा शामिल है।



■ सफाई कर्मियों को दिया जाए सामान, ताकि हो सके सफाई

### सरकार सफाई देखना चाहती है, सच्चाई से होती है दूर

अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने कहा है कि काफी लंबे समय से दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मियों के स्वीकृत पदों में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई बल्कि ऊपर से इन अनेक वर्षों में कितने ही सफाई कर्मचारी सेवानिवृत हो गए। सेवा काल में ही मौत का ग्रास बन गए। अधिकारी और सरकार सफाई व्यवस्था को तो दुरुस्त देखना चाहते है लेकिन इस वास्तविकता से मुंह मोड़ लिया जाता है। आखिर कब तक एक व्यक्ति कितने लंबे एरिया की सफाई अकेला करता रहेगा? सफाई कर्मियों के स्वीकृत पदों में तुरंत इजाफा करके हर सफाई कर्मचारी की बीट का भी पुनः निर्धारण किया जाए।

# प्रधानमंत्री मोदी का विकास मॉडल या विनाश मॉडल : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून पूर्व शनिवार को हुई बारिश ने पीएम नरेंद्र मोदी के खोखले विकास मॉडल की पोल खोल कर रख दी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने न्यू अशोक नगर स्थित रैपिड मेट्रो स्टेशन की टीन की छत तेज आंधी से उखड़ने पर सोशल मीडिया एक्स पर भाजपा पर निशाना साधते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी का विकास मॉडल या विनाश मॉडल है। पीएम मोदी ने जिस नमो भारत रैपिड रेल स्टेशन का भव्य उद्घाटन किया था, उसकी छत पहली बारिश में ही उड़ गई। आप ने कहा कि महज कुछ देर की आंधी-बारिश ने कुछ माह पहले ही प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए नमो भारत रैपिड रेल के न्यू अशोक स्टेशन की छत अपने साथ उड़ा ले गई। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि ये न्यू इंडिया है, यहां पीएम मोदी के हाथों उद्घाटन किया गया स्टेशन भी 4 महीने में उड़ जाता है। कोंडली से आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि पीएम मोदी जिस भी चीज़ का उद्घाटन करते हैं, उसकी छत उड़ या टूट जाती है। इसकी जानकारी मिलने के बाद कोंडली से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार मौके पहुंच कर जायजा लिया।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की चार इंजन वाली दिल्ली सरकार का मानसून-पूर्व रिपोर्ट कार्ड मई की शुरुआती बारिश में 5 लोगों की मौत, शनिवार की बारिश में 4 लोगों की मौत। अब तक कुल 9 मौतें हुई, जबकि अभी मानसून शुरू भी नहीं हुआ है। आप के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आंधी में रैपिड मेट्रो स्टेशन की टीन की छत गिरने की वीडियो को एक्स पर साझा किए और कहा कि ये न्यू इंडिया है। यहां मोदी के द्वारा उद्घाटन किया हुआ स्टेशन भी 4 महीने में उड़ जाता है।

■ रैपिड मेट्रो स्टेशन की टीन की छत तेज आंधी से उखड़ने पर बोले नेता

### झूठ का सहारा लेकर भाजपा सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं आप नेता : भाजपा

आम आदमी पार्टी के नेता झूठ एवं भ्रम की राजनीति में बाज़ीगर हैं और आज फिर आप नेताओं ने झूठ का सहारा लेकर भाजपा सरकार को बदनाम करने की कोशिश की है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आप नेताओं को लेकर यह बयाज जारी किया। उन्होंने कहा है कि शनिवार देर शाम दिल्ली एन.सी.आर. में भारी प्राकृतिक आंधी अंधड़ आया जिससे कुछ जगह पेड़ आदि गिरने के साथ ही पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में रैपिड रेल स्टेशन के टीन शैड का भाग उड़ कर गिर गया। सचदेवा ने कि रैपिड रेल प्रशासन ने शनिवार शाम ही स्पष्ट कर दिया था कि केवल एक छोटा टीन शैड तेज़ आंधी में उड़ा शेष स्टेशन व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ा और रैपिड रेड परिचलन सामान्य रूप से चलता रहा।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के फैसले का आप ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 80 से अधिक विदेश यात्राएं की। इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने में विफल रहे। यही वजह रही कि भारत- पाकिस्तान युद्ध के दौरान एक भी बड़ा देश भारत के साथ मजबूती से खड़ा दिखाई नहीं दिया। रविवार को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना भारत सरकार का सही फैसला है। भारत की विदेश नीति को मजबूत करने के लिए सरकार का यह फैसला सराहनीय है कि अब अलग-अलग पार्टियों के सांसदों को विदेशों में भेजा जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 से अधिक बार विदेश यात्राएं कीं, लेकिन इससे भारत को अपेक्षित कूटनीतिक लाभ नहीं मिला। जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, तो कोई भी प्रमुख देश खुलकर भारत के पक्ष में नहीं आया या पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए उसका नाम लिया। सौरभ भारद्वाज ने अंत में कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ सरकार की यह एक अच्छी पहल है। सरकार को शायद अब अहसास हुआ है कि अलग-अलग राजनीतिक दलों के सांसदों को विदेश भेजकर भारत की विदेश नीति को और मजबूत किया जा सकता है।

## प्राधिकरण के पास आधुनिक तकनीकी युक्त अनेक खेल परिसर मौजूद

# छुट्टियों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डीडीए दे रहा है पे एंड प्ले सुविधा

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

स्कूलों की गर्मियों की छुट्टियों के चलते दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) बच्चों को विभिन्न खेलों के लिए अपने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पे एंड प्ले के तहत खेलने की सुविधाएं दे रहा है। इस बारे में डीडीए के अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के पास आधुनिक तकनीकी युक्त अनेक खेल परिसर मौजूद है। ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों को खेलों के प्रति रुझान पैदा करने के लिए डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सबसे बेहतरीन जगह है। अधिकारी ने बताया कि इसी को ध्यान में रखकर डीडीए ने ग्रीष्मावकाश के लिए विभिन्न चुनिंदा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भुगतान करो और खेलों यानी पे एंड प्ले योजना शुरू की है। जिसके तहत क्रिकेट खेलने वालों के लिए सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बेहतरीन जगह है। डीडीए ने यहां के लिए पे एंड प्ले की सुविधा दी है, जहां नार्मल भुगतान करके क्रिकेट का आनंद लिया जा सकता है। इसी प्रकार स्क्वैश और बैडमिंटन के लिए सिरी फोर्ट रोड स्थित स्टेडियम है। यह स्टेडियम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए सुविधाओं के साथ एक आधुनिक विश्व स्तरीय खेल सुविधा प्रदान करता है। यहां स्क्वैश और बैडमिंटन को पे एंड प्ले सुविधा के तहत उपलब्ध कराया गया है, और इसमें कोचिंग अकादमियां भी हैं। यहां स्क्वैश के लिए 30 मिनट या 60 मिनट के लिए पे एंड प्ले सुविधा उपलब्ध है। जबकि बैडमिंटन के लिए भी 40 मिनट के लिए पे एंड प्ले सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार द्वारका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल के लिए सुविधा मौजूद है। द्वारका स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मिनी फुटबॉल ग्राउंड भी उपलब्ध है, यह ग्रांउड उन लोगों के लिए है जो छोटे स्तर पर फुटबॉल खेलना चाहते हैं। अधिकारी ने बताया कि इसी तरह रोहिणी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स उत्तरी बाहरी दिल्ली के लोगों के लिए बेहतरीन स्पोर्ट्स स्पॉट के रूप में पहचान बना चुका है। अधिकारी ने बताया कि रोहिणी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (आरएससी) में बास्केटबॉल कोर्ट की सुविधा है रोहिणी कॉम्प्लेक्स में बास्केटबॉल के अलावा टेनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, और अन्य खेल सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। अधिकारी ने बताया कि डीडीए लोगों को आमंत्रित करता है कि गर्मियों की इन छुट्टियों में अपने बच्चों को बेहतरीन खेल वातावरण देने के लिए डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सबसे बेहतरीन जगह है। इस सीजन में पे एंड प्ले के तहत आए और खेलें।

# जाली 'नो-एंट्री परमिट' मुहैया कराने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रतिबंधित घंटों के दौरान अवैध आवाजाही की सुविधा के लिए वाणिज्यिक वाहन चालकों को फर्जी 'नो-एंट्री परमिट' (एनईपी) मुहैया कराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 15 मई को आईटीओ चौक पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों ने रात करीब नौ बजे एक हल्के मालवाहक वाहन (एलजीवी) को रोका। अधिकारी ने बताया कि वाहन को बीएसजेड मार्ग से डीडीयू मार्ग तक 'नो-एंट्री' घंटों के दौरान ले जाया गया था। पुलिस ने कहा कि वाहन की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए एनईपी को ई-चालान मशीन का उपयोग करके सत्यापित किया गया, लेकिन कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। पुलिस उपायुक्त (यातायात) मुख्यालय से सत्यापन में इस बात की पुष्टि हुई कि परमिट जाली था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा निवासी चालक दिलीप कुमार उर्फ राहुल ने खुलासा किया कि परमिट आजादपुर बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा गया था, लेकिन बाद में उसके भाई राजेश कुमार ने बताया कि उसने तुषार उर्फ विनीत से परमिट खरीदा था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आईपी एस्टेट थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान तुषार ने खुलासा किया कि उसने बुराड़ी में साइबर कैफे संचालक सोनू कुमार मिश्रा से फर्जी परमिट खरीदा था। अधिकारी ने बताया कि सोनू और राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने इस मामले को 14 मई को आईटीओ चौक पर एक अन्य वाणिज्यिक वाहन से जुड़ी इसी तरह की घटना से भी जोड़ा, जिसपर जाली एनईपी लगाई गई थी। आरोपी मुजम्मिल ने खुलासा किया कि उसने फैजुद्दीन से फर्जी परमिट खरीदा था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच जारी है।



## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को संतों व केंद्रीय मंत्री ने किया नमन

नई दिल्ली। कश्मीर में आंतकियों द्वारा किए गए हिंदुओं के नरसंहार के बदले भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए हमारे सैनिकों और नरसंहार में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए साधु संतों और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने हवन द्वारा आहुतियां व पुष्पांजलि अर्पित की। समागम का आयोजन महामंडलेश्वर श्री राम गोविन्द दास महात्यागी जी महाराज की अगुवाई में कड़कड़डूमा कोर्ट के नजदीक एजीसीआर एंक्लेव में रविवार को हुआ।

### दिल्ली के गांवों को मालिकाना हक दिए बिना विकास संभव नहीं : संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के गांवों को जब तक उनकी जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात के सभी गांवों में पीएनजी गैस आपूर्ति शुरू करने के लिए उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार का आभार व्यक्त किया है। साथ ही मालिकाना हक की मांग के लिए भी स्पष्ट रूप से चेताया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को संपत्ति के अधिकार दिए जा रहे हैं, लेकिन दिल्ली के गांव अब भी इस अधिकार स वंचित हैं। यह न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि ग्रामीणों के साथ अन्याय भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा क्षेत्र की आबादी आज भी अपनी ही जमीन पर मालिकाना हक से वंचित है।

### उपराष्ट्रपति को एलजी ने दी जन्मदिन पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 74 वें जन्मदिन के अवसर पर रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। उपराज्यपाल ने कहा कि माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में आपकी आस्था और कृषि कल्याण के प्रति आपकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है। हमेशा आपकी दीर्घायु, स्वस्थ और पूर्ण जीवन के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### दिल्ली भाजपा ने कई जिलों में निकाली तिरंगा यात्रा

# भारत अब आतंक के खिलाफ चुप बैठने वाला नहीं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारे वीर जवानों ने सीमा पर जिस प्रकार की बहादुरी दिखाई है वह पूरे पाकिस्तान में एक संदेश देने का काम किया है कि भारत अब आतंक के खिलाफ चुप नहीं बैठने वाला है। उत्तर पश्चिम जिले के सांसद भाजपा महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया ने तिरंगा यात्रा के दौरान यह संबोधन दिया।

चंदोलिया ने कहा कि देश बदल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत हर तरह से सक्षम है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत ने जिस प्रकार की कार्रवाई की, उसने साबित कर दिया कि अब भारत किसी भी प्रकार के दवाब में नहीं रहने वाला। बता दें कि दिल्ली भाजपा ने रविवार को लगातार तीसरे दिन जिला स्तर बाहरी एवं उत्तर पश्चिम जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जिनमें उत्तर पश्चिम जिले के सांसद भाजपा महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया, मटियाला एवं द्वारका विधानसभा में सांसद कमलजीत सहरावत और नई दिल्ली एवं करोल बाग विधानसभा में प्रदेश मंत्री एवं नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज शामिल हुए। दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक सतीश उपाध्याय एवं शिखा रॉय और ऑलंपियन बॉक्सर विजेन्द्र सिंह ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ निकाली गई तिरंगा यात्राओं का नेतृत्व किया।

सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार की गोलीबारी आतंकी गतिविधि की श्रेणी में आयेगी और भारत उसका मुँह तोड़ जवाब देगा। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मरक्षा, न्याय और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक संकल्प है। विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि इन तिरंगा यात्राओं माध्यम से देशवासी आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष को और तेज करने का संकल्प ले रहे हैं।



#### यह नया भारत है, हमला करने के बाद लेता है बदला : बिधूड़ी

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में दिल्ली के लाल कुआं इलाके में पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रविवार को निकाली गई। यहां बिधूड़ी ने कहा कि यह नया भारत है और हमला करने के बाद बदला लेता है। पहले जब कांग्रेस का राज था तो हमला करके आतंकवादी चले जाते थे और हमारा देश सिर्फ सबूत देता था लेकिन आज हम लोग बदला लेते हैं। इसी का प्रमाण आपरेशन सिंदूर में दिखा है जहां हमलावरों को मौत के घाट उनके घर में घुसकर उतारा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विकसित देश के साथ विकसित दिल्ली के लिए हम प्रतिबद्ध : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




पिछले 27 सालों से पिछली सरकारों ने दिल्ली की स्थिति को बदतर बना दिया था। जहां देश तरक्की करके आगे बढ़ गया और दिल्ली पीछे छूट गई लेकिन आज विकसित देश के साथ विकसित दिल्ली के लिए हम प्रतिबद्ध है। भगवान परशुराम सेवा संस्थान द्वारा संचालित सामाजिक संगठन सामाजिक चेतना मंच द्वारा भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यालय में रविवार को एक राष्ट्रीय समरसता सम्मेलन के आयोजन पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबोधित करते हुए यह कहा। रेखा गुप्ता ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के मूल मंत्र से हम काम कर रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि दिल्ली दिलवालों की दिल्ली एक बार फिर बनेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में सम्मेलन की अध्यक्षता हिमाचल एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, मुख्य संरक्षक सामाजिक चेतना मंच कलराज मिश्र ने की। बताया गया कि यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कर देश में यह संदेश प्रदान करने का प्रयास है, कि भाजपा वास्तव में सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलने वाली राष्ट्रवादी पार्टी है, और भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए भाजपा को मजबूत रखना परम आवश्यक है। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार सम्मेलन का प्रारम्भ भगवान परशुराम की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन करके किया गया। सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने समाज के प्रतीक चिन्ह मुख्य अतिथि एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को प्रदान किये।

### आईपीयू में प्रवेश के लिए 20 मई तक आवेदन का अवसर

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के एमबीए प्रोग्राम (कोड 101) में कैट 2024 स्कोर के ज़रिए प्रवेश के लिए जिन उम्मीदवारों ने पचीस सौ रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर रखे हैं वे इस प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण के लिए 20 मई तक ऑनलाइन विकल्प चयन कर सकते हैं। जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है वे अभी भी पचीस सौ रुपये ऑनलाइन जमा कर 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं। आईपीयू प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 20 मई तक भरे हुए फॉर्म में रीजन, कैटेगरी, रैंक आदि से संबंधित संशोधन किया जा सकता है।

प्रशासन ने बताया कि प्रथम चरण की काउंसलिंग का परिणाम 22 मई को आएगा। इस काउंसलिंग में सीट आवंटन के उपरांत 96 हज़ार रुपये पार्ट एकेडमिक फीस के रूप में ऑनलाइन 26 मई तक जमा करना है। प्रोविजनल सीट आवंटन पत्र 26 मई तक निकालना है। प्रवेश के लिए अपलोड किए हुए दस्तावेजों का सत्यापन 28 मई तक किया जा सकता है। आवंटित सीट का निरस्तीकरण 28 मई तक किया जा सकता है। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट से ली जा सकती है।

# जल संकट दूर करें, आप सरकार की नाकामियों के सहारे पीछा न छुडाएं रेखा सरकार : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि भीषण गर्मी में जल संकट गहरा रहा है और सरकार पिछली आप पार्टी की सरकार के बहाने पीछा छुडवाने की कोशिश कर रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी के लिए प्रतिदिन लगभग 1290 एमजीडी पानी की सख्त जरुरत है। परंतु दिल्ली जल बोर्ड केवल 990 एमजीडी पानी ही प्रतिदिन ट्रीट ही कर पाता है। बावजूद इसके खुद दिल्ली जल बोर्ड मानता है कि इसमें से भी 52 प्रतिशत पानी चोरी या बर्बाद हो जाता है। जाहिर है ऐसे में दिल्ली वालों की प्यास कैसे बुझ सकती है। दिल्ली कांग्रेस आरटीआई सेल द्वारा मांगी जानकारी में खुद भाजपा की दिल्ली सरकार ने स्वीकार किया है कि 2025 में 30 अप्रैल तक 811 शिकायते गंदे पानी की मिली और इसी दौरान 1835 शिकायतें पानी नहीं मिलने की मिली। यादव ने कहा कि कुल सीवेज ट्रीटेड वाटर 604 एमजीडी में से महज 11.6 प्रतिशत 94 एमजीडी इस्तेमाल होता है। बाकी सीवेज के ट्रीटेट पानी को नालों में बहा दिया जाता है, जो यमुना में जाकर उसे गंदा करता है। सरकार के पास 2484 एमएलडी पानी को संरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। ट्रीटेट 94 एमजीडी पानी में 81 एमजीडी पानी हॉर्टिकल्चर के इस्तेमाल में और 10 एमजीडी पानी पावर प्लांट की यूनिटों को ठंडा करने में इस्तेमाल हो जाता है। दिल्ली 90 प्रतिशत जलापूर्ति के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है।

### उफ ये गर्मी...



**नई दिल्ली।** इंडिया गेट के पास चिलचिलाती धूप से बचने के लिए खुद को ढकते हुए। फोटो : एजेंसी

# महापौर से लगाई गुहार, कब मिलेगा डीबीसी कर्मियों को हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के डीबीसी कर्मियों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देव आनंद शर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी एमटीएस (पीएच) कर्मियों को एक समान वेतन (बेसिक पे प्लस वेरियबल डीए) देकर नौकरी पर पक्का किया जाए। सभी एमटीएस कर्मियों की वरीयता आधार पर सूची बनाई जाए। कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार के सदस्य को करूणामूलक आधार पर नौकरी दी जाए। कर्मियों को अप्रैल 2025 माह से बिना ब्रेक व बिना एग्रीमेन्ट सेवा विस्तार किया जाए।, मेडिकल लिव दी जाए। यूनियन महासचिव शर्मा ने कहा कि कर्मचारी सड़क से लेकर 20-20 वर्षों से चल रही कोर्ट तक की लड़ाई जीत जाता है, सभी को हक मिलते देखा है लेकिन एमटीएस, डीबीसी कर्मियों ने ऐसा कौन सा गुनाह किया कि उसको निगम द्वारा उसका हक नहीं मिलता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1996 से लेकर 2025 तक 29 वर्षों बाद भी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीलिया और हैजा जैसी भयंकर और जानलेवा बीमारियों का फैलाव को रोकने का कार्य कर रहे हैं लेकिन एमटीएस डीबीसी कर्मचारी को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

# बुजुर्गों के लिए अब बीमारी आर्थिक बोझ नहीं बनेगी : सहरावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अब बीमारी आर्थिक बोझ नहीं बनेगी, दिल्ली के नागरिक बेझिझक और बिना किसी बाधा के अपना इलाज करा सकेंगे। दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने रविवार को विकासपुरी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम के आयोजन पर यह संबोधन दिया। सांसद सहरावत ने कहा कि दिल्ली और भारत के अन्य राज्यों में भी सूचीबद्ध अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज की गुणवत्ता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होंगी। यह योजना न सिर्फ़ स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि हर परिवार को सम्मान और आत्मविश्वास देने वाला कदम है।

भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार सांसद कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में रविवार को विकासपुरी के गोल्डन एप्पल बैंक्वेट हॉल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लगभग पांच हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पूर्व विधायक ओ.पी. बब्बर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाजपा संगठन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम में मुख्य रुप से वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम संयोजक राजीव बब्बर, अन्य पदाधिकारी, बुजुर्ग नागरिक आदि उपस्थित थे।




#### आशीष सूद ने सम्मान कार्यक्रम में वरिष्ठ लोगों को आयुष्मान कार्ड किये वितरित

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में क्षेत्रीय जनता द्वारा किये गए स्वागत और सम्मान कार्यक्रम में क्षेत्र के कुछ वरिष्ठ लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू की गई है।

#### लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध

सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी 5 लाख का टॉप-अप कवर प्रदान करेगी। इस तरह प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी, जो देशभर में एक मिसाल है।

#### आयुष्मान कार्ड एक संजीवनी बूटी की तरह

सांसद सहरावत ने मोदी सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ सभी के लिए बताते हुए कहा कि बुजुर्ग लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड एक संजीवनी बूटी की तरह है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत यह कार्ड 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग लोगों को वितरण किये गये।

### पूछने पर नगर निगम प्रशासन भी साध लेता है चुप्पी

# एमसीडी की अतिक्रमण को लेकर हो रही है जमकर मनमानी

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सड़कों, फुटपाथों से अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर एक्शन लेना तो शुरू कर दिया लेकिन अतिक्रमण पर एक्शन को लेकर निगम प्रशासन द्वारा बरती जा रही मनमानी की पोल भी खुलने लगी है। एमसीडी के इस प्रकार के एक्शन को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है और लोगों ने कर्मियों पर मनमानी के जमकर आरोप भी लगाए हैं। रेहड़ी पटरी वाले निगम कर्मियों को लेकर बताते हैं कि हर माह एक हजार रुपए की वसूली भी करते हैं और रेहड़ी भी उठा ले जाते हैं। बता दें कि सप्ताह भर पहले और हाल ही में नरेला जोन, सिविल लाइन जोन, नजफगढ़ जोन, लाजपत नगर इलाके में अतिक्रमण हटाया गया लेकिन एक्शन के कुछ ही घंटों बाद फिर से ये अतिक्रमण हो गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि अतिक्रमण पर एक्शन के दौरान ही देखा गया कि कहीं कहीं अतिक्रमण को छोड़ दिया गया तो कहीं कहीं तोड़ दिया गया।

#### एमसीडी अतिक्रमण पर नहीं अपना रहा है जीरो टॉलरेंस की नीति

दिल्ली नगर निगम के पूर्व और वर्तमान महापौर और निगमायुक्त कहते रहे हैं कि अवैध अतिक्रमण पर निगम जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर लगने वाले अतिक्रमण के चलते सड़कों पर हो रहा यातायात जाम खुद ही दिल्ली नगर निगम नेताओं व प्रशासन के दावों की पोल खोल देता है। दिल्ली में निगम का ऐसा कोई भी जोन नहीं बचा होगा जिसमें अवैध अतिक्रमण ना हो।

#### लाजपत नगर में लगे उगाही के आरोप, प्रशासन ने साधी चुप्पी

बता दें कि लाजपत नगर इलाके में एक सिकंजी की रेहड़ी वाले से एमसीडी वालों ने मारपीट की है और अब रेहड़ी भी वापिस नहीं दे रहे हैं। वहीं, इस संबंध में रेहड़ी वाले के भांजे से बात हुई तो आरोप लगाते हुए बताया कि हर माह एमसीडी वाले 1500 से 3000 हजार रुपए ले जाते हैं। वायरल वीडियो को लेकर एमसीडी प्रशासन से जानकारी मांगी तो निगम प्रशासन ने चुप्पी साध ली।

#### एक ही दिन बाद फिर लग गई सड़क पर रेहडियां

बता दें कि नरेला जोन के कुतुब गढ़ में पिछली करीब 40 साल से गढ़रिया लुहार रह रहे हैं। 16 मई 2025 को सड़क किनारे बनी इनकी झोपड़ियां एमसीडी ने उजाड़ दी और गांव की मार्किट में लगने वाली रेहड़ियां और सड़क किनारे कब्जा जमाये समान बेचने वालों पर भी एक्शन लिया गया। लेकिन एक ही दिन बाद सड़क पर रेहडियां फिर लग गई है। साथ ही आरोप लगे कि अतिक्रमण से ना एमसीडी वालों को दिक्कत थी और ना ही पुलिस वालों को। लोग कह रहे थे कि रिश्वत के रेट बढ़ा दिए गए और इनको छूट दे दी गई कि जहां मर्जी हो वही, अपनी रेहडी और दुकान जमाओ।

### फोरम ने डीयू कुलपति को लिखा पत्र

# प्रवेश प्रक्रिया से पहले जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों / विभागों में प्रवेश प्रक्रिया से पहले पिछले पांच वर्षों के आंकड़े मंगवाकर उनकी जांच डीयू कुलपति को करवानी चाहिए। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने डीयू कुलपति को पत्र लिखकर यह मांग की है। फोरम के अध्यक्ष डॉ. हंसराज 'सुमन' ने बताया कि फोरम पिछले 34 वर्षों से दिल्ली विश्वविद्यालय व देशभर के विश्वविद्यालयों में कार्यरत है। आपसे इस पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2025-26 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों / विभागों में यूजी, पीजी, पीएचडी, बीएड, एम एड, बी. लिब, एम. लिब, बीएलएड, एमबीए, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, डिप्लोमा कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स आदि पाठ्यक्रमों में एससी, एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी, ईडब्ल्यूएस व अनरिजर्व सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले विश्वविद्यालय प्रशासन डीयू के विभागों व कॉलेजों के प्रिंसिपल / संस्थानों के निदेशकों को सर्कुलर जारी करके उनसे पिछले पांच वर्षों के आंकड़े मंगवाकर उनकी जांच करवाएँ।

## खबर संक्षेप

### धर्मपाल सिंह अध्यक्ष व रावल महाचिव बने



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा से जाटव समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रविवार को एक मीटिंग आयोजित करके जाटव महासभा का गठन किया। सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित पास करके ददसिया गांव के सरपंच धर्मपाल सिंह को अध्यक्ष, सदपुरा से शिव कुमार को उपाध्यक्ष, तिलपत गांव से अशोक रावल को महासचिव बनाया गया।

### ट्रैफिक एएसआई ने युवक की बचाई जान



**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस नरेश ने अपने टीम के साथ ड्यूटी पर मौजूद था जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक की जान बचाई। पुलिस को सूचना दी कि नीलम फ्लाईओवर रेलवे पुल पर एक युवक आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई नरेश अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक युवक रेलवे पुल के ऊपर से छलांग लगाने की तैयारी में था।

### बाइक सवार दो युवकों ने महिला से चेन झपटी



**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया में बाइक सवार दो युवकों ने अपनी पत्नी के साथ घूम रहे युवक से चेन झपट ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी गई शिकायत में एमपी के छतरपुर निवासी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि वह कुछ दिन पहले ही नौकरी की तलाश में गुरुग्राम आया था। वे यहां अपनी पत्नी के साथ सेक्टर-45 में किराए पर रहते हैं। शनिवार की देर सांय करीब 7.50 बजे वे खाना खाने के बाद पत्नी के साथ सड़क पर टहल रहे थे।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और रणनीतिक क्षमता का प्रमाणः राव इंद्रजीत सिंह

## सेना के शौर्य और पराक्रम को समर्पित यात्रा संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अगुवाई में रेवाड़ी में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

सेना के शौर्य और पराक्रम को समर्पित यह यात्रा महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर शहीद स्मारक नजदीक लघु सचिवालय पर संपन्न हुई। यात्रा में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग और मातृशक्ति की प्रमुख भागीदारी रही। यात्रा में रेवाड़ी से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, कोसली से विधायक अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली सहित पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल भी शामिल हुए। इस अवसर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, रणनीतिक कुशलता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में दोहराया है कि अब किसी भी प्रकार के आतंकवादी कृत्य को राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध की तरह माना जाएगा और उसी गंभीरता से उसका उत्तर भी दिया जाएगा। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य ताकत का परिचायक है बल्कि यह विश्व समुदाय को यह संदेश भी देता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का पराक्रम देखा और उसका सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय सेना किसी भी खतरे का सामना करने में पूर्णतः सक्षम है। पाकिस्तान को दी गई यह शिकस्त केवल एक सैन्य विजय नहीं अपितु भारत की संप्रभुता की रक्षा का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने वैश्विक मंच पर भारत की रणनीतिक सोच और सैन्य क्षमता को मान्यता दिलाई है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा यह अभियान भारत की सैन्य शक्ति, सटीक योजना और जवानों के साहस का जीता-जागता प्रमाण है। यह नया भारत है जो अपने सैनिकों के पराक्रम से ना केवल दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है बल्कि आतंक के आकाओं को उनके घर मे घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन सभी वीरों को भी समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से देश की एकता, अखंडता और सैनिकों के सम्मान में सदैव अग्रसर रहने की अपील की। शहीद स्मारक पर राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा का गरिमामयी ढंग से रेवाड़ी में समापन हुआ।

इस अवसर पर नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, एक्स सर्विसमेन लीग से सूबेदार मेजर राजपाल यादव, कैप्टन वीर सिंह व कैप्टन भोलाराम यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## प्रदेश का एकमात्र ऐसा प्राधिकरण जो लेकर आया है यह क्रांतिकारी डिजिटल सेवा 'पहल'

# जीडीए का डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक कदम 'पहल' मिलेंगी जीडीए आवंटियों को प्रापर्टीज से जुड़ी सभी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स आईएएस के नेतृत्व में विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहा है। इस क्रम में जीडीए द्वारा डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है पहल (पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन)।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण राज्य का एकमात्र प्राधिकरण है जिसने यह आधुनिक और नागरिक केंद्रित पोर्टल लॉन्च किया है। जो 14 लाख से अधिक आवंटियों के लिए एक नई सुविधा है। पहल (पब्लिक एक्सेस फ़ॉर हाउसिंग एंड प्रॉपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन) एक सिंगल विंडो सिस्टम है जो आवंटियों को सभी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है जो तेज, पारदर्शी और पूरी तरह डिजिटल है। अब संपत्ति का बकाया भुगतान हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो या किस्तों का पुनरनिर्धारण हो, सब कुछ संभव है।

### पहल पोर्टल के माध्यम से समाधान

*प्राधिकरण में पूर्व से प्रचलित सम्पत्ति प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत आवंटियों को आवंटन पत्र, भुगतान विवरण पत्र, बन्धक अनुमति पत्र, लेखा गणना की जांच की कार्यवाही मैन्युअल की जा रही है, जिसके कारण आवंटियों को जो सुविधाऐं त्वरित प्रदान होनी चाहिए, उनकी पूर्ति करने में अत्यन्त समय लगता है तथा समस्त कार्यवाही मैन्युअली किये जाने के कारण त्रुटियों की सम्भावना भी अधिक रहती है। वर्तमान में नामदर्ज हेतु आवेदन करने पर कम से कम 60 दिन मे मांग पत्र निर्गत किए जाने का प्रावधान है, जिसके बाद भी पैसे जमा कराने के बाद जमा रकम का सत्यापन कराना, फाइल का मूवमेंट अलग अलग पटलों पर होने से नामदर्ज की प्रक्रिया पूरी होने मे कई महीने लग जाते थे जो की जनहित में इस डिजिटल युग में उचित नहीं है। पहल पोर्टल के माध्यम से इन समस्त कठिनाइयों का समाधान करते हुए घर बैठे जन सामान्य को निम्न सुविधाएं दी जा सकता है।*

### बस एक क्लिक में देंखे

- आवंटन पत्र और अधीनता प्रमाण पत्र भी आप स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं। क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा के साथ।
- कलेक्शन प्रिविलेज अब आप खुद कर सकते हैं अपने रिकॉर्ड में सुधार
- किस्तों के सम भुगतान के लिए स्मार्ट डिजिटल चालान सुविधा
- रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करने हेतु आप अपनी सुविधा अनुसार समय तारीख स्वयं निश्चित कर सकते हैं
- बैंक से लोन के लिए मॉर्टगेज परमिशन और नामांतरण यानी प्रॉपर्टी म्यूटेशन अब सब कुछ ऑनलाइन
- समय पर किस्त की जानकारी और डिफॉल्ट पर रिमाइंडर अब हर आवंटी तक पहुंचेगा सही समय पर अलर्ट
- रियल टाइम अकाउंट अपडेट के साथ भुगतान का रिकॉर्ड सीधे लेखा अनुभाग में बिना किसी देरी और मानवीय हस्तक्षेप के।
- प्राधिकरण के इतिहास में प्रथम बार बैंकिंग प्रक्रिया के अनुरूप किस्तों के पुनर निर्धारण रिस्क शेड्यूलिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी

pahal

### महत्वपूर्ण जानकारियां

- आवंटन पत्र प्राप्त करना।
- देय किश्त की जानकारी प्राप्त करना।
- देय किश्त की धनराशि जमा करना।
- बन्धक अनुमति पत्र प्राप्त करना।
- आवन्टी द्वारा आवेदन करने पर प्राधिकरण स्तर से नाम, पता व अन्य में हुई त्रुटि का सुधार करना।
- नामान्तरण के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।
- धनराशि रिफण्ड के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।

### संपति से जुड़ी सभी सुविधाएं घर बैठे मिलेगी

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि पहल एक नया अनुभव एक नई शुरुआत एक स्मार्ट गाजियाबाद की ओर प्राधिकरण द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से नागरिको के लिए एक क्लिक पर संपत्ति से जुड़ी सभी सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए जीडीए के जन संपर्क कार्यालय पर एक अलग पहल काउंटरन्न बनाया गया है, जहाँ इस पोर्टल से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

## लोगों ने मंत्री नागर के खुले दरबार में लगाई गुहार

# मंत्री नागर ने बीपीटीपी बिल्डर को लगाई फटकार, मंगलवार को चंडीगढ़ में होगी पेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने रविवार को अपने निवास पर खुले दरबार का आयोजन किया जिसमें बिल्डर बीपीटीपी के खिलाफ लोगों ने खुलकर रोष प्रकट किया। दरबार में करीब एक दर्जन से ज्यादा आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश नागर से कहा कि वह बीपीटीपी बिल्डर के अत्याचारों से उन्हें बचाएं। यह बिल्डर रोज नए-नए बहानों से उनसे पैसे वसूलने का प्रयास करता रहता है जो कि कानून के हिसाब से गलत है।

मंत्री राजेश नागर ने बिल्डर प्रतिनिधि को भी फोन कर मामले में जानकारी मांगी और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के डायरेक्टर अमित खत्री को फोन कर मामले की जानकारी देकर लोगों को राहत देने की बात कही। इस पर खत्री ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बिठाकर बात करने का मशविरा दिया। तय हुआ कि मंगलवार को चंडीगढ़ में जनता के प्रतिनिधि और बिल्डर दोनों टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में आमने-सामने बैठकर मामले को सुलझाएंगे।

जनता का कहना है कि बिल्डर ने उन्हें नोटिस जारी कर सड़क मरम्मत के नाम पर पैसे की मांग की है जो कि सरासर गलत है। लोगों ने बताया कि अधिनियम के मुताबिक बिल्डर को ही अगले 5 साल तक सड़कों आदि का निर्माण एवं रखरखाव करना है लेकिन बिल्डर ने अभी तक पूरी सड़क ही नहीं बनाई है। सेक्टर 75 से लेकर 89 तक क्षेत्र में फैले बीपीटीपी बिल्डर की अनेक कालोनियां हैं जिनमें अभी तक सड़क, पार्क पानी आदि की व्यवस्थाएं नहीं दी गई हैं लेकिन लोगों से पैसे लेने का काम जारी है। लोग परेशान हैं लेकिन बिल्डर के लोग उनकी एक बात सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस मामले में जल्द ही हल निकालेंगे। अगर बिल्डर मनमानी कर रहा है तो यह नहीं चलने देंगे और मंगलवार को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में जनता को राहत अवश्य मिलेगी।

# पुलिस बदमाशों के बीच चली गोलियां, मेरठ का लुटेरा हुआ लंगड़ा

## मुठभेड़ के दौरान आरोपी का साथी चकमा देकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस का बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन लगातार जारी है शुक्रवार के बाद शनिवार को भी पुलिस ने मोदीनगर में मेरठ के रहने वाले एक साथ से लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है इस दौरान पुलिस द्वारा चली गोली से यह लुटेरा घायल हो गया जबकि इसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया लुटेरे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हाल ही में अपने साथी के साथ मिलकर दो महिलाओं से चेन लूटी थी पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा स्नैचिंग की घटना से संबंधित दस हजार की नकदी में एक मोटरसाइकिल बराबर की है एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि थाना मोदीनगर पुलिस अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत थाना क्षेत्र मे चेकिंग की जा रही थी ।

तभी मुखबिर खलल्ल से सूचना प्राप्त हुई की थाना मोदीनगर क्षेत्र मे स्नैचिंग की घटना मे सम्मिलित दो व्यक्ति मोटर साइकिल से मेरठ की तरफ जा रहे है । सूचना पर संघन चैकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको चेकिंग के लिए रूकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके और अपनी मोटर साइकिल को तेजी से चलाकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने मोटर साइकिल सवार का पीछा किया गया ।

पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाशों ने पुलिस पर सीधा फायर कर दिया। पुलिस नेआत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में दो बदमाशों में से एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश मौके से भाग गया घायल बदमाश का नाम शाहरूख निवासी शौकत कालोनी थाना लिसाडीगेट मेरठ है।

पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र मोदीनगर मे चौकी क्षेत्र निवाड़ी रोड व हल्का गोविन्दपुरी से एक - एक चेन (कुल दो) छीनी थी और गोविन्दपुरी से एक चेन छिनने का प्रयास किया था । इससे पूर्व भी अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मेरठ मे स्नैचिंग के कई अभियोग पंजीकृत है ।

### ऑफिस में घुसकर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष को लाठियों से पीटा

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर एरिया में सड़कों पर घूम रही गायों को हटवाने पर करीब एक दर्जन लोगों ने बजरंग दल के जिलाध्यक्ष के कार्यालय में घुसकर उन्हें लाठियों से पीटा। घटना में घायल जिलाध्यक्ष को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, आशीष शर्मा बजरंग दल के जिलाध्यक्ष हैं। वह सामाजिक कार्य करने के साथ ही बेसहारा गाय को सड़कों से हटाने के कार्य में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को नगर निगम की टीम बादशाहपुर में अभियान चलाकर सड़कों पर घूम रही गाय को पकड़ रहे थे। इस कार्य में आशीष नगर निगम की टीम की मदद कर रहे थे।

# पूर्व जनरल सेक्रेटरी गिरफ्तार, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में लाखों रुपए का किया गबन

## कोर्ट ने 3 दिन के लिए जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस ने गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व जनरल सेक्रेटरी सुखबीर सिंह मलिक को लाखों रुपए का गबन करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसको 3 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार साल 2006 में गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन का एक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के रूप रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसकी पहली कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें डॉ यादव को प्रधान,एस एल भाटिया उप प्रधान, आरोपी सुखबीर सिंह मलिक को सचिव, अनिल खरेरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया था। उस समय सोसाइटी में 24 मेंबर्स थे जो कि बाद में बढ़ कर 30 हो गए थे।

सोसाइटी ने सेक्टर 65 में प्लाट नंबर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 72 लाख रुपए में साल 2008 में खरीद लिया। उस समय के सारे काम आरोपी सुखबीर मलिक द्वारा कराए जा रहे थे। प्लाट में सोसाइटी के लिए सिविल कांट्रेक्टर भी तय कर लिया गया और घरों का निर्माण मी शुरू हो गया। साल 2011 में एस एल भाटिया और सुखबीर सिंह मलिक के बीच मनमुटाव हो गया। जिसका मुख्य कारण था कि सुखबीर मलिक ने सोसाइटी के खाते से 2 लाख का चेक गलत तरीके से किरण चावला को दे दिया। इसको लेकर सुखबीर मलिका का सोसाइटी के सदस्यों ने विरोध किया। लेकिन उल्टा एसएल भाटिया को उप.प्रधान के पद से हटा दिया गया और उनके पैसे भी जब्त कर लिए गए।

इस मामले में पुलिस को शिकायत देने वाले सोसाइटी के प्रधान बलदेव कृष्ण ने कहा किए सुखबीर धीरे-धीरे पुराने सदस्यों को एक-एक करके सोसाइटी से निकालने लगा। कुछ समय बाद सुखबीर ने नए लोगों को सोसाइटी में जोड़ना शुरू कर दिया और उनसे पैसे लेने शुरू कर दिए। इस बीच सोसाइटी के पैसों के लेन-देन में काफी गड़बड़ी सामने आ रही थी। सुखबीर ने लोगों से गलत तरीके से पैसे लेकर कुछ सोसाइटी के खाते में डलवा दिए और कुछ को अपने परिवार के खाते में ट्रांसफर करा लिया। उन्होंने बताया कि सुखबीर सिंह मलिक के द्वारा लगातार की जा रही गड़बड़ी के चलते सोसाइटी का काम बंद हो गया।

## बिजली नहीं आने से सैकड़ों लोग परेशान

# गांधी कालोनी, भड़ाना चौक व अमौलिक चौक सहित तीन स्थानों पर लोगों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



सेक्टर 85 स्थित अमौलिक संकल्प रेजिडेंस सोसाइटी में पिछले 3 दिनों से बिजली ना आने के कारण लोगों ने परेशान होकर सड़क पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर जाम को खुलवाया। वहीं भड़ाना चौक के पास लोगों ने बिजली व पानी की समस्याओं को लेकर जाम लगाया। मौके पर पहुंची सारन थाना पुलिस व बिजली अधिकारियों ने जनता को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया व जल्द बिजली आने का आश्वासन दिया।

बिजली न आने से परेशान गांधी कालोनी के लोगों ने बीती रात भगत सिंह चौक पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही बड़खल विधायक धनेश अधलक्खा ने बिजली विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर की फोन पर जमकर क्लास लगाई। विधायक ने यहां तक कहा कि अगर जल्दी सब सही नही हुआ तो वह सीएम से भी बात कर लेंगे। बीते शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश के आने से फरीदाबाद में बिजली की आपूर्ति लगातार प्रभावित चल रही है। अभी भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिजली ना आने की समस्या आ रही है। बिजली ना आने के कारण लोगों ने भड़ाना चौक, भगत सिंह चौक पर जाम लगा दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना कि आंधी से तारों के टूट जाने से लोगों को इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार काम कर रहे है।

सेक्टर 85 में बनी अमौलिक संकल्प रेजिडेंस सोसाइटी ने लोगों ने अमौलिक चौक पर जाम लगा दिया। लोगों ने कहा कि पिछले तीन दिनों से उनके घरों में बिजली नही आ रही है। अब तक वो घर में लगे इन्वर्टर बैटरी से काम चला रहे थे। लेकिन शनिवार से वह भी बंद पड़े हुए है। बिजली ना आने के कारण उनके घरों में पीने तक का पानी नही बचा है। सोसाइटी का मेंटिनेंस विभाग उनकी कोई सुनवाई नही कर रहा है। जाम लगा रहे लोगों ने कहा कि बिजली ना आने के कारण बच्चों की पढाई पुरी तरह से प्रभावित हो रही है। गर्मी के कारण बच्चे पढ़ाई नही कर पा रहे है ऐसे में बच्चों के पेपर चल रहे है। लेकिन बिजली ना आने के कारण पढ़ाई नही हो रही है। तीन दिनों से लगातार बिजली की परेशानी को वह झेल रहे है।

लोगों ने बताया कि वो लगातार बिजली ना आने की समस्या विभाग के कर्मचारियों को दे रहे है, लेकिन कर्मचारी उनकी बातों को सुनकर कोई कार्रवाई नही कर रहे है। तीन दिनों से वह विभाग के चक्कर लगा रहे है। उन्होंने कहा कि उनके आस पास की सोसाइटी में बिजली आ रही है। लेकिन केवल उनकी सोसाइटी में ही लाइट नही आ रही है। बिजली ना आने की समस्या को लेकर लोगों ने भड़ाना चौक पर जाम लगाया दिया। लोगों ने कहा कि उनकी गली में लाइट नही आ रही है। जिस कारण वो लगातार परेशान हो रहे है। उनके घरों में पीने तक का पानी नही बचा है। लोगों ने कहा कि सरकार लोगों को बिजली देने के का दावा कर रही है लेकिन जब से तूफान आया है तब से उनके यहां पर लाईट नही आ रही है।

### देशराज के नाम पर रखा जाएगा सड़क या पार्क का नाम महापौर ने दिया आश्वासन



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू की मांग के बाद महापौर सुनीता दयाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता देशराज देसी के नाम की किसी सड़क या पार्क का नाम रखने का आश्वासन दिया है। टीटू ने यह जानकारी दी। एक खुला पत्र महापौर को लिखा था। पत्र में उन्होंने देसी को समाज का एक अमोल रतन को कोहिनूर तथा पंजाबी समाज की शान बताया था। महापौर से मांग की थी कि देसी के परिवार को उनके मृत्यु उपरांत एक तोहफा देने का काम करें। देशराज देसी विजयनगर क्षेत्र में रहते थे विजयनगर क्षेत्र में उनके नाम से किसी चौराहे का नाम किसी पार्क का नाम किसी मार्ग का नाम रखा जाए ।

# स्कूल जाने से इनकार करने पर बेटे की गला घोंटकर हत्या करने वाली मौसी गिरफ्तार

## 8-9 महीने पहले बच्चे को गोद लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना ट्रेन का सिटी क्षेत्र में एक मौसी ने गोद में 12 वर्षीय लड़के की गला दबाकर हत्या कर दी है। हत्या का कारण लड़के का स्कूल न जाना और शरारत में करना था। पुलिस ने मौसी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि 17 को गोविंद नगर बेगूसराय बिहार निवासी महिला आजमाती खातून में ट्रोनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन रहती खातून ने उसके 12 वर्ष के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। इससे पहले रहती ने बालक की पिटाई की पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश की और मंगलवार को उसको गिरफ्तार कर दिया।

पूछताछ करने पर अभियुक्ता रहमती खातून ने बताया कि मेरे कोई संतान पैदा नही हुई थी । मैंने अपनी छोटी बहन अजमती जो बिहार में रहती है। उनसे करीब 8-9 वर्ष पहले



बच्चे को गोद ले लिया था और दौलतनगर, ट्रोनिका सिटी में अपने पास लेकर रह रही थी । बच्चा घर में आए दिन शरारतें करता रहता था और स्कूल भी नहीं जाता था। 14 मई की शाम को बच्चे ने परचून की दुकान के गल्ले से कुछ रुपए निकाल लिए थे। मुझे पता चला तो मैंने गुस्से में आकर बच्चे की पिटाई कर रही थी परंतु नहीं मान रहा था। मुझे और अधिक गुस्सा आ गया और मैने आवेश में आकर बच्चे का गला दबा दिया था।

